



## एक नजर में



### सीईओ ने विद्यार्थियों संग मध्याह्न भोजन किया

**सीहोर.** प्रधानमंत्री पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सर्जना यादव ने शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर का निरीक्षण किया. सीईओ ने मां की बगिया का अवलोकन किया तथा शाला में कार्यरत समूह सदस्यों और रसोइयों से भोजन की गुणवत्ता, सामग्री उपलब्धता एवं संचालन प्रक्रिया की जानकारी ली. उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता की सराहना की. इशाला में शिक्षक एवं जनभागीदारी समिति के सहयोग से निर्मित मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण भी किया गया. सीईओ श्रीमती यादव ने निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा जनभागीदारी के सहयोग से विद्यालयों के विकास कार्य तेजी से पूर्ण हो रहे हैं.




### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन ने बताईं अपनी समस्याएं

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 63 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान साहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### जीत चांडक ने पुरस्कार की राशि रेडक्रास को दी दान

**सीहोर.** शहर के बालक जीत चांडक ने अपने जन्मदिन के अवसर को समाजसेवा के नाम समर्पित करते हुए एक अनोखी मिसाल पेश की. जीत ने वीवीएम प्रतियोगिता में प्राप्त 5100 रुपए की पुरस्कार राशि का चेक रेड क्रास सोसायटी के लिए कलेक्टर बालागुरू के. को सौंपा. जीत के पिता विपुल चांडक ने बताया कि जीत ने पिछले वर्ष राज्य स्तरीय वीवीएम प्रतियोगिता में टॉप किया था और यह राशि जीती थी, जिसे उसने विशेष रूप से समाजसेवा के उद्देश्य से सुरक्षित रखा था. कलेक्टरने बालक जीत के इस प्रेरणादायक कदम की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में इस तरह की सामाजिक भावना अत्यंत प्रशंसनीय है. जीत ने जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह नागरिकों के लिए भी एक प्रेरणा है.




### सांदीपनी विद्यालय में बच्चों को वितरित किए स्वेटर

**इछावर.** नगर के संदीपनी विद्यालय सी एम राइस स्कूल में समाज सेवी सुरेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, संदीप गुप्ता ने विद्यार्थियों को 93 स्वेटर ठण्ड के मौसम में प्रदान किए. मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश सुराणा, विशेष अतिथि वीरेंद्र टुवानी,आशीष झंवर,अखिलेश चांडक उपस्थित रहे, प्राचार्य रविन्द्र शर्मा उपस्थित थे, शिक्षक ओम प्रकाश सेन ने आभार व्यक्त किया.




### 15 .60 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**आष्टा.** विधायक आष्टा गोपालसिंह इंजीनियर और कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा 15 करोड़ 60 लाख के विकास कार्य के भूमिपूजन व 48 लाख के कार्यो का लोकार्पण किया गया. आज जिन विकास कार्यो का भूमिपूजन संपन्न हुआ,उसमे विशेष रूप से दोनों विधानसभा को जोड़ने के साथ आवागमन की बड़ी सुविधा देने वाला 13 करोड़ 45 लाख का तिलावद से मैना रोड लंबाई 6 किमी का निर्माण है . विकास की कड़ी में पानी की टंकी लागत 2 करोड़, टीनशेड दत्तात्रेय मठी आश्रम लागत 5 लाख, टीनशेड जमादार मोहल्ला लागत 5 लाख तथा टीनशेड देशवाली मोहल्ला लागत 5 लाख आदि कार्य के भी भूमिपूजन एवं 38 लाख से बनी गौशाला, 10 लाख से बने मानस भवन में टीन शेड का लोकार्पण विधायक द्वय गोपालसिंह इंजीनियर एवं घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा किए गए. इस अवसर पर विधायकइंजीनियर के नेतृत्व में मैना मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य,विष्णु परमार,रामचंदर परमार,यशवंतसिंह बारोड,संतोष वर्मा,धीरजसिंह वर्मा सरपंच,लखन मेवाडा सहित बड़ी संख्या में दोनों विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# कृषक परिवार ने मांगी इच्छा मृत्यु की अनुमति

## रेलवे द्वारा अधिग्रहण की गई 10 .5 एकड़ जमीन की मुआवजा राशि कम मिलने से मायूस कृषक परिवार

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा
- 65 लाख एकड़ की जमीन का दे रहे 8 .62 हजार मुआवजा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 दिसंबर. जिले की रेहटी तहसील के ग्राम मकोड़िया निवासी एक किसान ने अपने परिवार के 20 सदस्यों के साथ इच्छामृत्यु की अनुमति देने के लिए राज्यपाल को लिखा पत्र तहसीलदार को सौंपा है. पीड़ित किसान का कहना है कि रेलवे द्वारा उनकी अधिग्रहित की गई जमीन का जो मुआवजा दिया जा रहा है. उससे वह एक एकड़ भी जमीन नहीं खरीद पा रहे हैं.**



**रेहटी.** अधिग्रहित जमीन का कम मुआवजा मिलने से मायूस किसान ने तहसीलदार को पत्र सौंपकर मांगी इच्छामृत्यु की अनुमति.

रेहटी तहसील के ग्राम मकोड़िया निवासी शिवनारायण चंद्रवंशी व उनके भाई देवचरण चंद्रवंशी परिवार की 10.5 एकड़ जमीन रेलवे लाईन बिछाने के लिए अधिग्रहित की गई है. कृषक शिवनारायण की मानें तो उनकी जमीन में टयूबवेल व पक्का मकान बना हुआ है. हमारी अधिग्रहित जमीन की मुआवजा राशि के नाम पर महज 8 लाख 62 हजार रुपए ही दिया गया है. जबकि उनकी जमीनों का बाजार भाव 65 लाख रुपए प्रति एकड़ है. किसानों ने पत्र में कहा खेती ही हमारी आजीविका का एकमात्र साधन है। रेलवे द्वारा दी गई मुआवजा राशि से हम एक एकड़ जमीन भी नहीं खरीद पा रहे हैं. पूरी जमीन अधिग्रहित हो जाने और मुआवजा बेहद कम मिलने के कारण हमारे परिवार के भरण-पोषण का भयानक संकट खड़ा हो गया है.

दोनों किसान भाईयों ने मायूस होकर तहसीलदार से कहा कि जब उनकी जमीन की कीमत बाजार भाव के अनुसार नहीं दी जा रही है तो वह इतनी कम मिली मुआवजा राशि से दूसरी जगह जमीन कैसे खरीद सकेंगे. इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे तो अच्छा है कि सरकार हमें परिवार सहित मरने की अनुमति प्रदान करे. किसान चंद्रवंशी ने बताया कि उनकी जमीन काफी उपजाऊ है तथा इससे साल भर में इतनी आय हो जाती है कि 20 सदस्यीय परिवार का आसानी से भरण पोषण हो जाता है, लेकिन जब से रेलवे लाईन के लिए उनकी बेशकीमती जमीन का अधिग्रहण कर इमना कम मुआवजा दिया गया है तब से परिवार के सभी सदस्यों का सुख चैन छिन गया है. वह न ढंग से खा पा रहे हैं और न ही रातों को सो पा रहे हैं.

### पीड़ित परिवार ने शासन के समक्ष रखी मांगें

किसान परिवार ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए प्रशासन और रेलवे से निम्नलिखित मांगें पूरी करने की अपील की है कि रेलवे द्वारा उपजाऊ, प्रधानमंत्री सड़क से लगी हुई और गांव के आसपास ही जमीन दी जाए. यदि जमीन नहीं दी जा सकती तो कम से कम मुआवजा राशि बाजार मूल्य 65 लाख प्रति एकड़ के बराबर दी जाए. परिवार के दो सदस्यों को रेलवे में नौकरी दी जाए या परिवार के अवयस्कों की देखभाल, पढ़ाई, लिखाई एवं उनके भरण-पोषण की जीवन पर्यंत व्यवस्था रेलवे द्वारा की जाए. खेत में बने पक्के मकान के बदले पक्का मकान भी बनाकर दिया जाए .जब तक मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक उनकी जमीनों का अधिग्रहण नहीं किया जाए। पीड़ितों ने पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत स्थानीय कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है.

### इन लोगों ने मांगी है इच्छामृत्यु

शिवनारायण चंद्रवंशी पिता विजय सिंह आयु 55 वर्ष, कृष्णा बाई पत्नी शिवनारायण चंद्रवंशी आयु 50 वर्ष, अशोक कुमार पिता शिवनारायण आयु 35 वर्ष, दीपक आ. शिवनारायण चंद्रवंशी, मोनिका बाई पत्नी अशोक कुमार आयु 33 वर्ष, ज्योति बाई पत्नी दीपक कुमार आयु 32 वर्ष, देवांग चंद्रवंशी पिता अशोक कुमार आयु 11 वर्ष, आरव चंद्रवशी पिता अशोक कुमार आयु 7 वर्ष, सारांशी चंद्रवंशी पिता दीपक कुमार आयु 8 वर्ष, धुशाल चंद्रवंशी पिता दीपक कुमार आयु 3 वर्ष, देवचरण चंद्रवंशी पिता विजय सिंह आयु 60 वर्ष, कांता बाई पत्नी देवचरण सिंह आयु 55 वर्ष, अखिलेश पिता देवचरण सिंह आयु 38 वर्ष, सुषमा पत्नी अखिलेश कुमार आयु 35 वर्ष, धर्मेंद्र कुमार पिता देवचरण सिंह आयु 35 वर्ष, दीपिका बाई पत्नी धर्मेंद्र कुमार आयु 33 वर्ष, आकृति पिता धर्मेंद्र कुमार आयु 10 वर्ष, माही पिता अखिलेश कुमार आयु 16 वर्ष, नैतिक पिता अखिलेश कुमार आयु 12 वर्ष व आदविक पिता धर्मेंद्र कुमार आयु 04 वर्ष हैं.

## नियम तोड़ने वालों पर की चालानी कार्रवाई



**आष्टा.** नगर के यातायात प्रभारी शशिकांत शर्मा के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियम उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया. इसके तहत भोपाल नाका चौराहा पर कलाकारों द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसमें अभिनय एवं संवाद के माध्यम से रोड सेफ्टी का जीवंत संदेश राहगीरों तक पहुंचाया गया. इस दौरान शहर भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा नियमों एवं संकेतों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर वैधानिक कार्रवाई की गई. कुल 10 चालान बनाए गए, जिनसे 12 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया. ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा सभी वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की समझाइश भी दी गई. शाम के समय पुलिस टीम ने भोपाल नाका कॉलोनी चौराहा, मंडी गेट, किलेरामा चौपाटी, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल गेट सहित शहर के मुख्य मार्गों पर सतत भ्रमण कर यातायात व्यवस्था सुचारू रखी.

## नेशनल हाईवे पर बेकाबू होकर पलटी कार

नवभारत न्यूज

**बुधनी 9 दिसंबर.** नगर के थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-46 के मिडघाट क्षेत्र में सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे नाली में जा गिरी. हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.हालांकि इसमें किसी यात्री के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है.



पुलिस सूत्रों के अनुसार भोपाल की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 6992 मिडघाट क्षेत्र में अचानक नियंत्रण खो बैठी और पलटते हुए सड़क किनारे नाली में गिर गई. घटना के तुरंत बाद कार सवार लोग मौके से लापता हो गए. हादसे की सूचना पुलिस को भी नहीं दी गई है, जिसके कारण सवारों की पहचान और उनकी स्थिति की जानकारी नहीं मिल सकी है. स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के समय वाहन काफी तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है. कई बार गंभीर हादसे घटित हो भी चुके हैं. फिलहाल पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है और वाहन मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है.

## होटल में ठहरे युगल की वीडियो बनाकर की वायरल

- कुबेरेश्वर धाम के समीप होटल कर्मचारी ने बनाई थी वीडियो
- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला किया दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 दिसंबर.** नगर के समीप कुबेरेश्वर धाम क्षेत्र स्थित एक होटल में आपत्तिजनक वीडियो बनाने और प्रसारित करने करने वाले आरोपियों के खिलाफ आखिरकार पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है. यह एफआईआर होटल मैनेजर की शिकायत पर मंडी थाने में दर्ज की गई है.

पुलिस के अनुसार मंडी थाने में 8 दिसंबर को होटल डमरूवाला के मैनेजर कृष्णपाल उर्फ कृष्णा वर्मा ने एक लिखित शिकायत दर्ज कराई. आवेदन के अनुसार होटल डमरूवाला में एक युगल ठहरा हुआ था. शिकायतकर्ता मैनेजर ने आपत्तिजनक अवस्था का एक वीडियो सुमित पैरवाल नामक व्यक्ति के मोबाइल में देखा. सुमित पैरवाल कथित तौर पर एक अन्य होटल में काम करता है. मैनेजर ने तत्काल पहचान लिया कि यह वीडियो उनकी होटल में ठहरे उसी कपल का है. पूछने पर सुमित पैरवाल ने बताया कि वीडियो उसने ही बनाया है. उसने स्वीकार किया कि होटल के कमरे की लाइट चालू होने और पर्दा खुला होने के कारण उसने यह वीडियो बनाया और फिर इसे व्हाट्सएप के जरिए अपने मित्रों को भी भेजा.




पुलिस ने होटल मैनेजर कृष्णपाल वर्मा की शिकायत के आधार पर तुरंत कार्रवाई की। मंडी थाना पुलिस ने अंकित जाटव, विनोद मालवीय, सुमित पैरवाल, कमलेश उर्फ कनक कौशल के खिलाफ आईटी एक्ट के प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कर ली है. फिलहाल मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है. इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है तो पुलिस के ढीले रवैये को लेकर भी उनमें नाराजगी देखी जा रही है.

## क्लब ने छात्राओं को गुड टच-बेड टच की दी जानकारी

- इनरव्हील क्लब की सदस्य पहुंचीं कन्या हासे स्कूल
- महिला अधिवक्ता ने छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

नवभारत न्यूज

**आष्टा 9 दिसंबर.** सोमवार को इनरव्हील क्लब द्वारा स्थानीय कन्या हायर स्कूल में जाकर गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई.

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच इनरव्हील क्लब ने माता-पिता से अपील की है कि वे बच्चों को बचपन से ही गुड टच और बैड टच की पहचान कराना शुरू करें। यह सरल सी शिक्षा बच्चों को न केवल जागरूक बनाती है, बल्कि किसी भी असामान्य स्थिति में आवाज उठाने का साहस भी देती है. इस दौरान श्रीमती अनिता यादव ने अपना मोबाइल नंबर भी छात्राओं को देते हुए कहा कि अगर सलाह या मदद की जरूरत हो तो तुरंत संपर्क कर सकते हैं. जानकारी प्रदान करने के पश्चात क्लब के द्वारा श्रीमती अनिता यादव के साथ शिक्षिका आरती शर्मा, बबीता सोनी का शाल, माला पहनाकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, सचिव दीपिका सोनी, कोषाध्यक्ष श्रद्धा पालीवाल, एडिटर अर्चना सोनी, आईएसओ जयश्री शर्मा, आरती शर्मा मौजूद रहीं.



## गुप्ता संसद की स्टेंडिंग कमेटी में नियुक्त



नवभारत न्यूज

**बुधनी 9 दिसंबर.** राज्यसभा सांसद और ट्राइडेंट ग्रुप के फाउंडर व चेयरमैन एमेरिटस राजिंदर गुप्ता को लेबर, टेक्सटाइल और स्किल डेवलपमेंट से संबंधित संसद की स्थायी समिति का सदस्य नामित किया गया है. यह समिति देश के महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों में नीतिगत समीक्षा और सुधारों के सुझाव देने का कार्य करती है.

राजिंदर गुप्ता एक अनुभवी उद्योगपति व समाजसेवी के रूप में पहचान रखते हैं. मैन्युफैक्चरिंग, ग्लोबल ट्रेड और वर्कफोर्स डेवलपमेंट में उनके दशकों के अनुभव से समिति को उद्योगगत दृष्टिकोण मिलने की उम्मीद है. विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी नियुक्ति ऐसे समय में काफी अहम है, जब भारत का टेक्सटाइल सेक्टर अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों, बढ़ते अमेरिकी टैरिफ, और स्किल्ड-अनस्किल्ड वर्कफोर्स के लिए मजबूत स्किलिंग फ्रेमवर्क की जरूरतों का सामना कर रहा है.

**रोजगार मेला** ▶ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार व स्वरोजगार अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन

# मेले का उद्देश्य अधिकाधिक युवाओं को मिले रोजगार : सृजना

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 दिसंबर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मंगलवार को युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया. इस रोजगार मेले में 401 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया तथा कंपनियों द्वारा 287 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया. मेले में 18 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे.

रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा अनेक योजनाओं के तहत हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृत कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए. खास बात यह है कि इस रोजगार मेले में आने वाले अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. मंगलवार को कॉलेज परिसर आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में शामिल होने के लिए सुबह से ही युवाओं की भीड़ नजर आने लगी थी। शाम तक मेले में शामिल होने के लिए 401 युवक-युवतियों पहुंचे और पंजीयन कराया. रोजगार मेले के शुभारंभ समारोह में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने कहा कि इस मेले मे विभिन्न क्षेत्रों की अनेक कम्पनियां नियुक्ति करने आई हैं, उन्हें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएं जाएं.

### रोजगार मेले में आई थीं यह कंपनियां

एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिस बैंक), नव किसान बॉयो प्लांटेक भोपाल, शिवशक्ति बॉयो प्लांटेक भोपाल, दीपक फासनर्स जताखेड़ा, चेकमेट सेक्योरिटी सर्विसेस बड़ौदा, लायन फेब्रिक्स प्रा.लि. बुदनी, यशस्वी ग्रुप भोपाल, श्रीराम फाइनेंस सीहोर, पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. भोपाल, नवभारत फर्टिलाइजर जबलपुर, एसबीआई लाइफ सीहोर, आईसर कंपनी पीथमपुर, वर्धमान फैब्रिक्स बुदनी, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन सीहोर, ड्रीम फाइनेंशियल सर्विसेज एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट सीहोर, कॉसमॉस मैनपावर प्रा.लि. गांधीनगर, ट्राइडेंट ग्रुप बुदनी आदि कम्पनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन ऑपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड जैसे 700 पदों पर भर्ती करना थी. हालांकि इस दौरान 287 का ही प्रारंभिक चयन हो सका.



वृहद स्तर पर आयोजित रोजगार मेले में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, लीड बैंक अधिकारी जयदीप भट्टाचार्य, प्रभारी रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे. मेले में करीब 18 कंपनियों के स्टॉल लगाए गए थे. इन कंपनियों ने 287 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया है. हालांकि अपनी पसंद की जॉब नहीं मिलने से रोजगार मेले में शामिल 114 युवक-युवतियां वापस लौट गए.

## 292 किसानों ने बेची अधिक दाम में फसल

**आष्टा.** भावांतर भुगतान योजना के तहत इस सीजन में किसानों को सोयाबीन पर अच्छा लाभ मिला है. 24 अक्टूबर से अब तक कुल 292 किसानों ने अपनी फसल समर्थन मूल्य से अधिक दर पर विक्रय की है. मंडी में इस वर्ष सोयाबीन का अधिकतम भाव 6200 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचा. मंडी प्रशासन ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना में शासन द्वारा 1 रुपए का सफल परीक्षण भुगतान करते हुए अब तक 9910 किसानों के खातों में राशि पहुँच चुकी है. हालांकि 136 किसानों का भुगतान उनके केवाईसी अपडेट न होने के कारण फेल हो गया है. मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है अपने बैंक केवाईसी आधार लिंकिंग तथा अन्य दस्तावेज अपडेट कराएं, ताकि भुगतान बिना बाधा उनके खाते में जमा हो सके.